**खबर संक्षेप**

### किसानों द्वारा धान उपार्जन हेतु कराया गया पंजीयन

**शहडोल।** जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन का कार्य 1 दिसंबर 2025 से शुरू हो गया है जो 20 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। धान का समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता (एफ.ए.क्यू.) धान कॉमन रूपये 2369/- प्रति क्विंटल पर धान उपार्जन किया जायेगा। जिले में 37692 किसानों द्वारा धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया गया है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 54 उपार्जन केन्द्र बनाये गये है। जिन किसानों का धान समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु तैयार हो गया है, वे किसान स्लॉट बुक कराकर निर्धारित तिथि में ही अपने तहसील अन्तर्गत नजदीकी उपार्जन केन्द्र में जाकर धान विक्रय कर सकते है। 05 दिसम्बर तक 12220 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई जा चुकी है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 05 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा। किसानों से अनुरोध है कि धान साफ-सुथरा, अच्छी गुणवत्ता एवं सुखाकर विक्रय हेतु केन्द्रों पर लावे, जिससे उनका धान अमानक न हो और नियमानुसार धान खरीदी हो सके तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो। 05 दिसम्बर 2025 तक 397 किसानों से 25988 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। किसानों से अनुरोध है कि साफ-सुथरा धान नजदीकी उपार्जन केन्द्रों में लाकर विक्रय कर सकते है।

### जिले में हल्दी उत्पादन को मिलेगी नई रफ्तार



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित बैठक में आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित गतिविधियों तथा एक जिला-एक उत्पाद के तहत चयनित हल्दी उत्पादन की प्रगति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि स्व-सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनकी गतिविधियों को अधिक परिणामोन्मुख बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में हल्दी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सतत प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराने तथा हल्दी उत्पादन से होने वाले आर्थिक लाभों की विस्तृत जानकारी किसानों तक पहुँचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि "किसान तभी आगे बढ़ेंगे जब उन्हें वैज्ञानिक पद्धतियों, गुणवत्ता आधारित उत्पादन और प्रोसेसिंग के पर्याप्त अवसर मिलेंगे।" युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर ने प्रति माह रोजगार मेलों के आयोजन के निर्देश भी दिए। साथ ही मध्यान्ह भोजन हेतु आवश्यक सामग्री स्व-सहायता समूहों के माध्यम से छात्रावासों में उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, जिससे समूहों की आमदनी में वृद्धि हो सके। उन्होंने समूहों से जुड़ी नई कमाई-आधारित गतिविधियाँ प्रारंभ करने पर भी बल दिया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति ने कच्ची हल्दी की खरीद को प्राथमिकता देने और इसे पीजी समूहों के माध्यम से खरीदने का निर्देश दिया।

## विश्वविद्यालय में मनमानी चरम पर!

### स्थगन आदेश की उड़ रही धज्जियां, कर्मचारियों में भारी आक्रोश

# अतिथि कर्मचारियों को मौखिक आदेश पर हटाया




शहडोल।

पं. शंभू नाथ शुक्ला विश्वविद्यालय एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लग रहे हैं कि उच्च अधिकारियों द्वारा अतिथि कर्मचारियों को मौखिक आदेश के आधार पर हटाया जा रहा है, जबकि कर्मचारियों को हाई कोर्ट से स्पष्ट स्थगन आदेश मिला था कि किसी भी कर्मचारी को विश्वविद्यालय से बाहर नहीं किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, आउटसोर्सिंग व्यवस्था के खिलाफ समस्त अतिथि कर्मचारियों ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए यह सुनिश्चित किया था कि किसी भी कर्मचारी को सेवा से बाहर नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद, कर्मचारियों का आरोप है कि प्रशासन ने दीपावली के आसपास मौखिक रूप से कई कर्मचारियों को ड्यूटी पर न आने का निर्देश दे दिया। कर्मचारियों का कहना है कि कुलगुरु राम शंकर ने मौखिक आदेश देते हुए बताया कि विभागीय जांच पूरी होने तक इन कर्मचारियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं मिलेगा। हटाए गए कर्मचारियों में आर.एस. गुप्ता, राहुल गुप्ता, अंकित बघेल, तहसीन बानो, प्रतीक यादव, गंगाराम कुशवाहा शामिल बताए जा रहे हैं। सभी संभवतः कंप्यूटर ऑपरेटर या इससे संबंधित पदों पर कार्यरत थे।

#### वेतन वृद्धि वालों पर कार्रवाई?

अतिथि कर्मचारियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में कुछ कर्मचारियों की वेतन वृद्धि की थी और कुछ की वेतन कटौती। जब कर्मचारी इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण के लिए कुलगुरु से मिले, तो जिन कर्मचारियों की वेतन वृद्धि हुई थी, उन्हीं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पक्षपातपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण प्रतीत होती है।

#### अब न नियमितीकरण मिलेगा न कोर्ट जाने का अधिकार?

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कर्मचारियों के मुताबिक रजिस्ट्रार कार्यालय ने नया आदेश जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि अतिथि कर्मचारियों को अब नियमित होने का लाभ नहीं मिलेगा और आगे कोई कानूनी दावा भी नहीं किया जा सकेगा। कर्मचारियों का आरोप है कि यह आदेश सीधे-सीधे उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है और न्यायालय के निर्देशों को चुनौती देने जैसा है।

#### कर्मचारियों में भय व गुस्सा

विश्वविद्यालय में नियुक्त दर्जनों अतिथि कर्मचारी इस घटनाक्रम से सहमे हुए हैं। उन्हें डर है कि कभी भी मौखिक आदेश पर नौकरी छिन सकती है। कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से न्यूनतम वेतन पर काम कर रहे हैं, छुट्टियां नहीं मिलतीं, सामाजिक सुरक्षा नहीं, और अब उनके सिर पर मनमानी बर्खास्तगी की तलवार लटक रही है। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि बिना लिखित आदेश, बिना चार्जशीट और बिना किसी आधिकारिक प्रक्रिया के उन्हें बाहर किया गया, जो कि प्रशासनिक नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उनका कहना है कि यह पूरा मामला शक्ति के अनुचित उपयोग और एकतरफा कार्रवाई का उदाहरण है।

#### आवश्यकता पड़ी तो बड़ा आंदोलन

कर्मचारी यूनियन ने संकेत दिया है कि यदि हटाए गए कर्मचारियों को वापस नहीं बुलाया गया और मौखिक आदेश वापस नहीं लिए गए, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। कर्मचारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि विश्वविद्यालय में चल रही मनमानी की जांच कराई जाए और कोर्ट के स्थगन आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए।

## चार महीने से अंधेरे में विजयसोता पंचायत

# नया ट्रांसफार्मर भी एक घंटे में जला, ग्रामीण उग्र आंदोलन की चेतावनी



शहडोल।

जिले के ब्यौहारी जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत विजयसोता पिछले चार महीनों से गंभीर बिजली संकट से जूझ रही है। गांव की पूरी बस्ती को आपूर्ति देने वाला एकमात्र ट्रांसफार्मर बार-बार जलने से ग्रामीणों का जीवन बेहाल हो गया है। स्थिति तब और बिगड़ गई जब तीन दिन पहले ही लगाया गया नया ट्रांसफार्मर मात्र एक घंटे में ही फिर जल गया और पूरा गांव दोबारा अंधेरे में डूब गया।

गांव के सरपंच लालमन दहायत ने बताया कि ट्रांसफार्मर उनके घर के पास स्थापित है और इसी के जरिए लगभग 100 घरों में बिजली पहुंचती है। लेकिन पिछले चार महीनों में ट्रांसफार्मर कई बार खराब होने से ग्रामीणों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित है, किसानों की सिंचाई व्यवस्था ठप है और घरेलू कामकाज पूरी तरह बाधित हो गया है।

लगातार बिगड़ती स्थिति के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीण सडक़ों पर उतर आए और जोरदार प्रदर्शन किया। सरपंच ने बताया कि ग्रामीणों का धैर्य अब समाप्त हो चला है। उन्होंने बिजली विभाग को 24 घंटे की अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट कहा है कि यदि तत्काल नया और सक्षम ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तो वे उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे।

ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता और मेंटेनेंस पर भी गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी और ठंड—दोनों मौसमों में बिना बिजली के गुजर-बसर करना बेहद कठिन है, लेकिन चार महीने से जारी संकट पर विभाग की निष्क्रियता समझ से परे है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि विजयसोता पंचायत को लगातार अंधेरे से छुटकारा मिल सके और बस्ती में सामान्य जीवन बहाल हो सके।

### ऑनलाइन सट्टे का फैलता जाल व्हाट्सऐप और फोन-पे से हो रहा लेनदेन

**धनपुरी।** अमलाई थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क इतनी तेजी से फैल गया है कि पूरा इलाका अब व्हाट्सऐप आधारित सट्टेबाजी का हब बनता दिखाई दे रहा है। सूत्रों के अनुसार अमराडंडी निवासी कथित संजू चौहान का नाम इस नेटवर्क के टॉप ऑपरेटर के रूप में सामने आ रहा है। बताया जाता है कि सट्टे के दांव और लेनदेन सीधे व्हाट्सऐप पर होते हैं, जबकि रकम के ट्रांजेक्शन के लिए फोन-पे का खुलकर इस्तेमाल किया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि आसपास के छोटे-बड़े सटोरिए अपना पूरा कारोबार इस नेटवर्क के माध्यम से संचालित कर रहे हैं। यह जाल महाराष्ट्र के नागपुर और मुंबई से लेकर जबलपुर और मध्य भारत के कई जिलों तक फैल चुका है। स्क्रीनशॉट और बैंक ट्रांजेक्शन के रिकॉर्ड, सूत्रों के अनुसार, इस नेटवर्क का सबसे बड़ा सबूत हैं। साइबर पुलिस द्वारा जांच की स्थिति में यह पूरा ऑनलाइन सट्टा साम्राज्य कुछ ही घंटों में बेनकाब हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बार-बार शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन अमलाई पुलिस की चुप्पी सवाल खड़ा कर रही है। पड़ोसी जिलों अमलाई, बुढ़ार, धनपुरी, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, डिंडोरी और अनूपपुर तक फैले इस जाल की गंभीरता को देखते हुए अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



#### इनका कहना है...

मेरे को उन दोनों के पूरा नाम, मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराइए तो उनका लोकेशन ट्रैश करा कार्यवाही करता हूं।

जे.पी.शर्मा थाना प्रभारी, अमलाई

# खैरहा नदी किनारे महिला ने लगाई फांसी

## पुलिस को शव निकालने में कड़ी मशक्कत



शहडोल।

जिले के खैरहा थाना क्षेत्र से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ रीढ़ की गंभीर बीमारी स्पाइनल इंजरी से जूझ रही एक महिला ने असहनीय शारीरिक पीड़ा से तंग आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। खैरहा पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, खैरहा निवासी रोशनी कोल (उम्र ज्ञात नहीं) लंबे समय से गंभीर स्पाइनल इंजरी से पीड़ित थीं। उनका इलाज बिलासपुर और शहडोल मेडिकल कॉलेज में चल रहा था, लेकिन लगातार बढ़ती पीड़ा से उन्हें कोई राहत नहीं मिल पा रही थी। दर्द से बेहाल रोशनी कुछ दिन पहले ही अपने ससुराल हरदी से मायके खैरहा आई थीं। बताया जाता है कि बीमारी और असहनीय दर्द से जूझते-जूझते उन्होंने हिम्मत हार दी।

रविवार दोपहर रोशनी घर से निकलीं और खैरहा नदी किनारे झाड़ियों के बीच पहुँचकर एक पेड़ की डाल से अपने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गईं। देर शाम तक जब महिला घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने तलाश शुरू की। नदी किनारे के भयावह दृश्य को देखकर उनके पैरों तले ज़मीन खिसक गई, जिसके बाद तत्काल खैरहा पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पाकर खैरहा थाना प्रभारी उमाशंकर चतुर्वेदी दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे। महिला का शव निकालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दरअसल, जिस डाल से शव लटका था, उसके ठीक नीचे तेज बहाव और गहरा पानी भरा हुआ था। रस्सी काटने पर शव के पानी में बह जाने की आशंका थी, इसलिए पुलिस दल ने अत्यंत सावधानी बरतते हुए घंटों प्रयास किया और अंततः शव को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी चतुर्वेदी के अनुसार, महिला ने किन परिस्थितियों में इतना बड़ा कदम उठाया, इसकी गहराई से जाँच की जा रही है। यह घटना शारीरिक कष्ट और निराशा के बीच संघर्ष की एक दुखद कहानी बयां करती है।



### विदेशी प्रवासी पक्षियों से गुलजार हुई बनास नदी

#### प्रवासी पक्षियों से कलरव से गूंज उठे बनास नदी के तट

**शहडोल।** ठंड के दिनो में नवम्बर माह से विदेशी प्रवासी पक्षियों का आगमन जिले में होने लगता है। जिले के व्यौहारी जनपद मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर बनास नदी का प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय सौंदर्य विदेशी मेहमानों को खूब भाता है। हर साल की तरह इस वर्ष भी बनास नदी के तटों पर उत्तरी गोलाद्र्ध और मध्य एशिया से हजारों किलोमीटर का सफर तय करके प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। नदी के किनारे इन विदेशी मेहमानों के कलरव से एक बार फिर रौनक लौट आई है। स्थानीय लोगों एवं प्रकृति तथा पर्यावरण प्रेमियों में इन मेहमानों के आने से उत्साह का माहौल है। विदेशों के आने वाले प्रवासी पक्षियों में कोमारेन्ट, और चक्रवाक पक्षी प्रमुख हैं। इन पक्षियों को स्थानीय भाषा में ब्राम्हणी बतख भी कहा जाता है। इन प्रवासी पक्षियों विशेषकर चक्रवाक का उल्लेख हमारे प्राचीन भारतीय साहित्य और संस्कृति मे भी मिलता है। महाकवि कालिदास ने अपनी अमर रचनाओ में चक्रवाक (चकई-चकवा) के प्रेम और वियोग का वर्णन किया है। आदि संकराचार्य द्वारा रचित नर्मदा अष्ठक में भी इन पक्षियों को चक्रवाक पक्षी के रूप में याद किया गया है। प्रवासी पक्षियों का विशेष जमावड़ा बनास नदी के विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर कारी गोरी घाट और हथवार गांव के आस-पास रहता है। पर्यावरण विद रामकेश पटेल ने इन विदेशी मेहमानों के आगमन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन पक्षियों के आने से बनास नदी का तट समोहिक हो गया है। उन्होंने बताया कि ये प्रवासी पक्षी अक्टूबर से नवम्बर के बीच मध्य एसिया के ठंडे मौसम से बचने के लिए यहां आते हैं। मार्च से अप्रैल तक बनास नदी को अपना अस्थायी घर बनाकर रहते हैं। स्थानीय पर्यावरण एवं प्रकृति प्रेमी कार्यकर्ताओं ने प्रवासी पक्षियों को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाए बिना इनके प्राकृतिक आवास को संरक्षित रखने में सहयोग की अपील की है।

# अनियंत्रित बोलेरो पेड़ से टकराई, आठ लोग घायल

### ब्यौहारी पुलिस ने बचाई जान

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के सीधी रोड पर शुक्रवार तडक़े एक तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा भिड़ा। भीषण टक्कर में वाहन में सवार आठ लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार घटना शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे की है। बोलेरो वाहन ब्यौहारी से सीधी की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक को अचानक झपकी लग गई, जिससे वाहन पर से नियंत्रण हट गया। अनियंत्रित बोलेरो सीधे सडक़ किनारे लगे एक बड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और सवार यात्री सीटों से उछलकर इधर-उधर जा गिरे।



हादसे के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ब्यौहारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस से ब्यौहारी अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार जारी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कुछ घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें आगे रेफर किया गया है। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त वाहन को सडक़ से हटवाया, जिससे यातायात सामान्य हो सका। प्रारंभिक जांच में यह बात स्पष्ट हुई है कि चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तडक़े और देर रात झपकी के कारण ऐसी दुर्घटनाएं अक्सर होती हैं। उन्होंने प्रशासन से सडक़ सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की मांग की है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौंद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति बिरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२ , 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. बी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एँम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम गोदाम का किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ कलेक्टर परिसर स्थित ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सीयू कक्ष, बीयू कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, मान्यता प्राप्त दलों से धनुषधारी सिंह, इंजी विजय कोल,प्रदीप रजक,राजीव सिंह बघेल,नीरज चंदानी उपस्थित रहे।

### जिले में 238 किसानों से 12842 क्विंटल धान की गई खरीदी

**उमरिया।** सहायक आपूर्ति अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि जिले में धान खरीदी के लिए 44 केंद्र बनाए गए है। जिले में 238 किसानों से 12842 किसानों से धान खरीदी कि जा चुकी है। धान के विक्रय के लिए 27949 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। साथ ही 11714 किसानों ने अपना स्लॉट बुक कराया है। जिले में धान खरीदी का कार्य 20 जनवरी तक किया जाएगा।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस 8 दिसंबर को मनाया जाएगा

**उमरिया।** सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि 7 दिसंबर को अवकाश होने की स्थिति में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कार्यक्रम 8 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जावेगा ।

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का भ्रमण कार्यक्रम



**उमरिया।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग दिलीप जायसवाल एक दिवसीय भ्रमण पर 6 दिसंबर को उमरिया आयेगे । श्री जायसवाल 6 दिसंबर को प्रातः 10 बजे बिजुरी से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 उमरिया पहुंचेगे । दोपहर 1.30 बजे अमर शहीद स्टेरडियम, उमरिया में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता बालक 14 वर्ष के समापन समारोह कार्यक्रम में शामिल होगे । दोपहर 3.30 बजे उमरिया से बिजुरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मच्छरों पर नियंत्रण हेतु रासायनिक धुआं छोड़ा

**कटनी।** नागरिकों की सुविधा एवं मच्छर जनित रोगों की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में नगर के विभिन्न वार्डों में निगम टीम द्वारा फॉगिंग की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत विगत देर शाम जालपा देवी वार्ड में वार्ड पार्षद की जानकारी में विभिन्न स्थलों सुक्खन चौक से शेर चौक, डॉ सन्मुख दास गली से सामुदायिक भवन होते हुए गौतम मोहल्ला, डाक घर गली, आदर्श कालोनी की विभिन्न गलियों, शक्ति नगर बस्ती सहित वार्ड की अन्य संवेदनशील क्षेत्रों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में प्राथमिकता से फॉगिंग कर मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि सफाई व्यवस्था में सहयोग करते हुए घरों के आस-पास गंदगी एवं पानी न जमने दें, जिससे संभावित मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण लगाया जा सके।

## 11 माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं, सबूत गायब कराने का आरोप

# स्कूलों की फर्जीवाड़ा गैंग पर पुलिस मेहरबान?

### पीड़ित ने एसपी को सौंपी शिकायत

**उमरिया।** जिले में शिक्षा के नाम पर चल रहे कथित बड़े फर्जीवाड़े और दस्तावेजों की कूट-रचना के गंभीर मामले में पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता नसीम रज़ा खान ने पुलिस अधीक्षक उमरिया को विस्तृत शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि कोतवाली पुलिस पिछले 11 महीनों से न तो गवाहों के बयान दर्ज कर रही है, न ही एफआईआर में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है। उल्टा, आरोप लगाया गया है कि विवेचक आरोपियों के प्रभाव में आकर जांच को गलत दिशा दे रहे हैं और फर्जी दस्तावेजों को जप्त ही नहीं किया जा रहा।

शिकायत के अनुसार ब्राइट फ्यूचर और ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के संचालकों सहित अन्य आरोपी कई वर्षों से टीसी, अंकसूची, उपस्थिति पंजी, प्रवेश फ़ॉर्म तथा अन्य दस्तावेजों की अदला-बदली और कूटरचना कर छात्रों की भविष्य से खिलवाड़ करते रहे। आरोप है कि फर्जी तरीके से जारी की गई अंकसूचियां, टीसी और अन्य दस्तावेज पुलिस ने जप्त नहीं किए, जबकि यही इस पूरे प्रकरण के सबसे महत्वपूर्ण सबूत हैं।

### स्कूल बंद था, फिर भी जारी थे फर्जी दस्तावेज?

शिकायत में दावा किया गया है कि ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल की मान्यता 2016-17 के बाद समाप्त हो चुकी थी और स्कूल 2017 में ही पूरी तरह बंद हो गया था। इसके बावजूद, संचालकों ने वर्षों तक कूट-रचित दस्तावेज बनाकर छात्रों को दाखिला दिखाते हुए अवैधानिक रूप से अंकसूचियां और टीसी जारी कीं। वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों की पूर्व जांच रिपोर्टें, जो स्कूल बंद होने की पुष्टि करती हैं, शिकायतकर्ता ने आवेदन के साथ संलग्न की हैं।

### गैर-कानूनी स्कूल संचालन और गलत पंचनामा का आरोप

रईस मनशूरी नामक आरोपी पर आरोप है कि वह अपराध दिनांक के समय बबलू बर्मन के किराए के दो कमरों में बिना किसी सुविधा के अवैध रूप से स्कूल चला रहा था। शिकायतकर्ता ने मकान का फोटो, मालिक का मोबाइल नंबर और खसरा विवरण भी प्रस्तुत किया है। इसके बावजूद, पुलिस की ओर से कथित रूप से गलत स्थल नक्शा और भ्रामक पंचनामा न्यायालय में पेश किया गया, जिससे आरोपियों को लाभ मिला।




### विवेचना में गंभीर गड़बड़ी

शिकायत में कहा गया है कि मामले के महत्वपूर्ण गवाह राकेश विश्वकर्मा और वसीम खान—का आज तक बयान नहीं लिया गया। जबकि पुलिस अपने विवेचना प्रतिवेदन में दावा कर रही है कि गवाही दर्ज की जा चुकी है। यह विरोधाभास स्वयं जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

### फरार दिखाए गए आरोपी विभाग में कर रहे हैं ड्यूटी?

शिकायतकर्ता ने जिला शिक्षा विभाग के लेखापाल के. के. तिवारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा गया है कि तिवारी मामले से जुड़े दस्तावेजों को प्रभावित कर विवेचना को गलत दिशा दे रहे हैं। पुलिस द्वारा उन्हें लगातार फरार बताया जा रहा है, जबकि शिकायतकर्ता के अनुसार वे रोजाना विभाग में उपस्थिति दे रहे हैं, जिसका प्रमाण उपस्थिति रजिस्टर है।

### जमानत के बाद सबूतों को नष्ट करने का आरोप

आरोपी रईस मनशूरी को कथित रूप से पुलिस की कमजोर और पक्षपातपूर्ण जांच के कारण अदालत से आसानी से जमानत मिल गई। शिकायत में कहा गया है कि जमानत के बाद आरोपी छात्रों, अभिभावकों और अन्य गवाहों पर दबाव बनाकर सबूत नष्ट कराने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित पक्ष ने ऑडियो-वीडियो साक्ष्य होने का दावा किया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि इतने बड़े फर्जीवाड़े और राष्ट्र हित प्रभावित करने वाले दस्तावेजी अपराध के तहत आरोप दर्ज होने के बावजूद पुलिस की उदासीनता और भ्रष्टाचार ने आरोपियों को खुली छूट दे दी है। उन्हें न तो गिरफ्तार किया जा रहा है और न ही सबूत सुरक्षित किए जा रहे हैं।

### एसपी से निष्पक्ष जांच और तत्काल गिरफ्तारी की मांग

शिकायतकर्ता नसीम रज़ा खान ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि अपराध क्रमांक 0580/2024 में सभी अंकसूची, टीसी, स्कॉलर पंजी, प्रवेश दस्तावेज एवं अन्य रिकॉर्ड तत्काल जप्त किए जाएं, संपूर्ण मामले की निष्पक्ष व स्वतंत्र जांच कराई जाए, सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और विवेचना में अनियमितता करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता ने कहा कि यदि समय रहते सख्त कदम न उठाए गए, तो स्कूलों की आड़ में चल रहा यह दस्तावेजी अपराध बड़े स्तर पर बच्चों के भविष्य को नुकसान पहुंचाता रहेगा। जिले में शिक्षा से जुड़े इस बड़े फर्जीवाड़े पर अब सभी की नजरें पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई पर टिकी हैं। जनता में भी यह सवाल तेज़ी से उठ रहा है कि आखिर पुलिस आरोपियों को बचाने के आरोपों से कैसे बाहर निकलेगी और कब तक पीड़ित को न्याय मिलेगा।

## रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त




**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया अंतर्गत क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक, बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उप वनमण्डल अधिकारी पनपथा द्वारा वन परिक्षेत्र पनपथा बफर की बीट खितौली बफर के कक्ष क्रमांक आरएफ-500 स्थान दर्राहार में आरोपी वकील भुमिया वल्द संतराम भुमिया साकिन बम्हौरी तहसील बरही जिला कटनी द्वारा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 54 एए-0415 से अबैध रेत परिवहन करते हुये मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर रेत से भरी ट्राली को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लिया गया।जब्त ट्रैक्टर रेत से भरी ट्राली को बीटगार्ड खितौली की सुपुर्दगी में रखा गया। कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र पनपथा बफर का स्टाफ उपस्थित रहा। नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।इस प्रकार की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

## मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ने किया पोषण पुर्नवास केंद्र का निरीक्षण

**उमरिया।** विकासखंड पाली स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी एल सागर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक दशन पंद्राम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान साफ सफाई एवं डाइट चार्ट के आधार पर भोजन वितरण के संबंध में चर्चा की। डेमोंस्ट्रेटर गुलनाज परवीन ने बताया कि बच्चों के वजन के आधार पर एस एफ, एफ 100 और एफ 75 डाइट देकर बच्चों को डाइट दिया जा रहा है जिसमे 14 दिनों के लिए भर्ती रहते है एवं फॉलो अप लिया जाता है । 10 बेड फुल होगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा एडमिट हितग्राही सीनू वनवासी ग्राम गौरैया वर्षा सिंह ग्राम चांदपुर से वास्तविक स्थिति की जानकारी ली गई जिसमें हितग्राहियों द्वारा समुचित व्यवस्थाओं को उत्साह पूर्वक बताते हुए कहां की बच्चों का वजन दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है जो एक सही परिणाम दिखता है। ड्रॉक्टर पी एल सागर द्वारा जन समुदाय से अपील की गई है कि ग्राम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा से जानकारी प्राप्त कर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराए जाने हेतु पहल करें जिससे कि बच्चों का विकास उम्रानुसार सही समय पर हो सकें।



## टोरेंट पावर की मेगा डील से किसानों पर संकट!



### रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे स्थानीय युवा

**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** गुजरात की दिग्गज ऊर्जा कंपनी 'टोरेंट पावर' द्वारा अनूपपुर जिले में 'न्यू जोन इंडिया' के अधिग्रहण की खबर कॉर्पोरेट जगत के लिए भले ही बड़ी उपलब्धि हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है करीब 211 करोड़ के इस सौदे के बाद रक्सा और कोलमी गांवों के निवासियों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### क्या है पूरा मामला

टोरेंट पावर ने अनूपपुर में न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा कर लिया है कंपनी की योजना यहाँ की 922 एकड़ जमीन पर कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट लगाने की है लेकिन इस 'विकास' की कीमत यहाँ के स्थानीय किसान और नौजवान चुका रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस 922 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है, वह बेहद उपजाऊ थी यहाँ पहले लाखों टन धान का उत्पादन होता था, जिससे सैकड़ों परिवार अपना भरण-पोषण करते थे अब खेती बंद होने से न केवल उनकी आय खत्म हो गई है, बल्कि खाद्य सुरक्षा पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है।

### योग्यता है, पर काम नहीं

सबसे बड़ा आक्रोश स्थानीय युवाओं में रोजगार को लेकर है ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने जमीन लेते समय बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन अब स्थानीय लोगों की अनदेखी की जा रही है। पढ़े-लिखे और तकनीकी रूप से योग्य (फनंसपपिमक) युवाओं को भी काम नहीं दिया जा रहा है कंपनी बाहरी लोगों को प्राथमिकता दे रही है, जबकि जिन किसानों ने अपनी जमीन दी, उनके बच्चे बेरोजगार बैठे हैं। रक्सा और कोलमी के निवासियों ने जिला प्रशासन और सरकार से मांग की है कि कंपनी की मनमानी पर रोक लगाई जाए उनकी मांग है कि स्थानीय लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार पावर प्लांट में नौकरी दी जाए।

## हायर सेकेंडरी जमुना कालरी विद्यालय के छात्रों को किया गया साइकिल वितरण

### डिजिटल क्लास से बेहतर शिक्षा

**भालूमाड़ा।** नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र के अंतर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जमुना कालरी के छात्रों को 5 दिसंबर को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह, विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह, जनपद उपाध्यक्ष तेजभान सिंह, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, मंडल महामंत्री धीरेंद्र सिंह मिंटू, वार्ड पार्षद विकास जायसवाल, श्रीमती सरोज लोधी, वरिष्ठ पत्रकार संतोष चौरसिया, दिवाकर विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन जायसवाल तथा विद्यालय प्राचार्य अवध राज सिंह सोलंकी पीएम शासकीय स्कूल भालूमाडा के प्राचार्य सतीश सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य अवध राज सिंह सोलंकी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने की मांग की उन्होंने मुख्य मार्ग से विद्यालय तक सीसी सड़क निर्माण, पेयजल की बेहतर व्यवस्था, बच्चों के लिए खेलकूद के मैदान की समतलीकरण तथा सफाई जैसे आवश्यक कार्यों पर ध्यान देने का आग्रह किया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राम अवध सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है उन्होंने कहा कि विद्यालय की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा उन्होंने डिजिटल क्लास के अवलोकन किया इसके साथ ही विद्यालय की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने साइकिल वितरण के पात्र छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की योजनाओं के तहत शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं डिजिटल क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं बच्चों की पढ़ाई को नए आयाम दे रही हैं, जो निजी विद्यालयों में भी कम ही मिल पाती हैं उन्होंने कहा कि सरकार की यह प्रतिबद्धता बच्चों के भविष्य को प्रगति की ओर ले जाएगी। साइकिल वितरण कार्यक्रम में कुल 21 छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई अतिथियों ने बच्चों को साइकिल प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी मंच का संचालन विद्यालय के शिक्षक अमित राहा, आभार प्रकट महेश मिश्रा के द्वारा किया गया।



## रोजगार मेले में 37 महिलाओं का हुआ चयन

**कटनी।** कलेक्ट्रेट में बुधवार को महिलाओं के लिये आयोजित रोजगार मेला में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा ने बंगलौर, तमिलनाडु की नामचीन निजी कंपनी के लिये चयनित 37 महिलाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में केवल महिला आवेदिकाओं के लिए निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि इस रोजगार मेले के द्वारा टाटा इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी कृष्णागिरी तमिलनाडु कम्पनी द्वारा टेक्नीकल ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मोबाईल एसेम्बलर, एसेमबिल आपरेटर पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। मेले में 60 महिला आवेदिकाओं ने भाग लिया। मेले में टेक्नीकल ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मोबाईल एसेम्बलर व एसेमबिल ऑपरेटर के पदों हेतु कुल 37 महिलाओं का चयन किया गया। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं उद्योग विभाग की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान द्वारा सभी चयनित आवेदिकाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये गये।

# विकास के नए अवसरों का स्वागत

### रक्सा कोलमी गांव में थर्मल पावर पर जताया संतोष

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** परियोजना की प्रक्रिया पारदर्शी, तकनीकी रूप से प्रमाणित और किसान हित में रक्सा कोलमी गांव में थर्मल पावर परियोजना के प्रभावित किसानों की ओर से एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। प्रभावित कृषक चक्रधर मिश्रा ने कहा कि भूमि अधिग्रहण एवं सीमांकन से जुड़ी समूची प्रक्रिया पूरी तरह तकनीकी मानकों, राजस्व अभिलेखों और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रही है। किसानों ने परियोजना के प्रति सकारात्मक रुख जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक बताया। तकनीकी सर्वे के बाद ही चिन्हित होती है भूमि प्रभावित कृषकों के अनुसार कंपनी द्वारा नक्शा मिलान, और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर सीमांकन की बहु-स्तरीय प्रक्रिया अपनाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह वैज्ञानिक प्रणाली किसी भी प्रकार की गलती या विवाद की गुंजाइश नहीं छोड़ती। मुआवज़े में चार पाँच गुना वृद्धि, किसानों में संतोष मुआवज़ा राशि चार से पाँच गुना बढ़ी है, यह राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में जमा की गई है। किसानों ने इसे "आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने वाला" कदम बताया है। किसानों ने स्पष्ट किया कि कंपनी ने केवल उन्हीं भूखंडों पर कार्य किया है जिनके डेटा पूरी तरह मेल खाते हैं। जिन किसानों की भूमि में सीमांकन विवाद या नामांतरण लंबित था, उन क्षेत्रों में कंपनी ने न तो फेंसिंग की है और न ही सर्वे को आगे बढ़ाया है।

### विकास के नए अवसरों का स्वागत

प्रभावित किसानों ने कहा कि परियोजना से स्थानीय युवाओं को रोजगार,सड़क और आधारभूत संरचना में सुधार, स्वास्थ्य और पानी जैसी सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित होगा। उन्होंने इसे क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए ऐतिहासिक अवसर" बताया। गतिविधियों से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा कंबल वितरण, स्वास्थ्य शिविर, साफ पानी व्यवस्था, सड़क सुधार और विद्यालय सहयोग जैसी गतिविधियों की सराहना की। किसानों का कहना है कि कंपनी का सामाजिक दायित्व कार्य जमीन पर दिख रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि निर्णय सिर्फ सर्वे रिपोर्ट, सीमांकन और राजस्व दस्तावेज़ों के आधार पर ही लें।

### गतिविधियों से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ

ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा कंबल वितरण, स्वास्थ्य शिविर, साफ पानी व्यवस्था, सड़क सुधार और विद्यालय सहयोग जैसी गतिविधियों की सराहना की। किसानों का कहना है कि कंपनी का सामाजिक दायित्व कार्य जमीन पर दिख रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि निर्णय सिर्फ सर्वे रिपोर्ट, सीमांकन और राजस्व दस्तावेज़ों के आधार पर ही लें। रक्सा कोलमी के किसान पूरी तकनीकी जांच के बाद कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया को पारदर्शी और लाभकारी मानते हैं। उन्होंने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि रक्सा कोलमी क्षेत्र के प्रभावित किसानों ग्रामीणों को सुरक्षा जूते का वितरण न्यू जोन इंडिया प्रा. लि. एवं टोरेंट पावर द्वारा गतिविधि के तहत पहल रक्सा कोलमी क्षेत्र में प्रस्तावित थर्मल पावर परियोजना के तहत न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरेंट पावर द्वारा आज ग्रामीणों व प्रभावित किसानों के बीच सुरक्षा जूतों का वितरण किया गया। यह वितरण कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों की सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना और कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण सुलभ कराना है। वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पाण्डेय, महाप्रबंधक सुशील कांत मिश्रा हेड ओमप्रकाश नैनीवाल के साथ ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



**खबर संक्षेप**

### बाल उद्यान में व्याप्त अव्यवस्था की सीईओ से की शिकायत

**बड़वारा।** बाल उद्यान बड़वारा जो की बड़वारा बाईपास में बनाया गया है वह बस्ती से काफी दूर है। उद्यान में उद्यान जैसा कुछ भी नहीं है। वहां एक भी पौधा नहीं लगा है और ना ही एक भी पेड़ वहां जीवित है। चारों तरफ खरपतवार फैला है। चौकीदार भी नही है गेट पर ताला भी नही है। उद्यान की रक्षा व व्यवस्थित रखने हेतु चौकीदार की व्यवस्था की जानी चाहिए थी जो जिम्मेदारों के द्वारा नही की गई है। चारों तरफ गंदगी व्याप्त है। लाखों रुपए का शासकीय पैसे का जमकर दुरुपयोग किया गया है। भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी व कार्यकर्ताओं ने भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वाधान में बड़वारा जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपकर लापरवाह कर्मचारियों पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई किये जाने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष सूर्यवंशी ने कहा है कि जिन्होंने भी शासकीय पैसे का घोटाला किया है उनके खिलाफ जल्द कार्यवाही की जाए नहीं तो भीम आर्मीभारत एकता मिशन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### प्रसूतिका की मौत पर नर्सिंग स्टाफ को नोटिस

**उमरियापान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान में प्रसव के दौरान कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। ड्यूटी में तैनात स्टाफ नर्स और डॉक्टर की लापरवाही के चलते बच्ची को जन्म देने के तुरंत बाद एक महिला की मौत हो गई। बीते 2 दिसंबर के अंक में हरिभूमि में प्रकाशित खबर में लापरवाही को उजागर किया गया, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। उमरियापान विकासखंड के चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. प्रसाद ने घटना के समय ड्यूटी में तैनात नर्सिंग ऑफिसर सहित कुल आठ नर्सिंग स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर जवाब मांगा है। जिन नर्सिंग स्टाफ को नोटिस जारी किया गया है, उनमें नर्सिंग ऑफिसर सरोज कोल, गुलाब कली कोल, रश्मि पटेल, केता पुट्टे, अम्बिका चौधरी, रेणु भोरजार, दीक्षा पटवा और पुरुष नर्सिंग ऑफिसर संजीव चक्रवर्ती शामिल हैं। बीएमओ ने स्पष्ट कहा है कि निर्धारित समय में जवाब न देने या जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बीएमओ उमरियापान डॉ. बी.के. प्रसाद ने बताया कि प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले की जांच की जा रही है। घटना के समय ड्यूटी में तैनात स्टाफ और नर्सिंग स्टाफ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

### जिले में अब तक 32 हजार 902 क्विंटल धान का हुआ उपार्जन

**कटनी।** जिले में बीते सोमवार से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अब तक 383 किसानों ने 32 हजार 902 क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय किया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य रूपये 2369 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सांय 6 बजे तक जारी की जायेगी। जिन कृषकों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेगी, उनकी तौल शनिवार को की जायेगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नए लगाए यूरिनल पहली ही रात चोरों के निशाने पर

**अमलाई। नगर परिषद बकहो द्वारा क्षेत्र में जगह-जगह लगाए गए मोबाइल यूरिनलों ने पहली ही रात अपनी गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। निम्न गुणवत्ता की सामग्री से बने इन यूरिनलों के दरवाज़े चोर बिना किसी कठिनाई के उखाड़कर ले गए।**



स्थानीय लोगों के अनुसार, यूरिनलों की बनावट इतनी कमजोर थी कि हल्का जोर लगाने भर से दरवाज़े बाहर आ जा रहे थे। नगर परिषद द्वारा लगाए गए इन ढांचों में न तो गुणवत्ता की जांच की गई और न ही सुरक्षा के किसी मानक का पालन किया गया, जिससे यह साफ दिखता है कि निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई है।

दूसरी ओर, अमलाई थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई प्रभावी गश्त या निगरानी दिखाई नहीं दे रही। यूरिनल के दरवाज़े चोरी हो जाना इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की मौजूदगी नगण्य है।

नगर परिषद की घटिया कार्यशैली और अमलाई थाना की लापरवाही के कारण पहली ही रात में जनता के पैसों से बनाई गई सार्वजनिक सुविधाएं चोरों के हाथों चली गईं। इससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश और असुरक्षा की भावना बढ़ गई है।

# नाइट शिफ्ट में जा रहे कर्मचारी से बायपास तिराहे पर लूट

## गिरकर घायल — उसी रात दो और वारदातें, इलाके में दहशत



**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत राजेंद्रा भूमिगत माइंस में कार्यरत टेलीफोन ऑपरेटर राजेश चौरसिया गुरुवार रात करीब 11 बजे वरगवा से टू-व्हीलर से अपनी नाइट ड्यूटी पर जा रहे थे। कड़ाके की ठंड, सुनसान सड़क और कम रोशनी के बीच जैसे ही वे बायपास मार्ग पर राजेंद्रा रोड तालाब तिराहा पहुंचे, अचानक हुई वारदात ने उनके होश उड़ा दिए।

### ब्रेकर पर गाड़ी धीमी हुई और सामने आ खड़े हुए तीन नकाबपोश

जैसे ही चौरसिया की गाड़ी ब्रेकर पर धीरे हुई, तीन नकाबपोश युवक उनकी बाइक के सामने खड़े हो गए। उन्होंने पैसे की मांग की। चौरसिया ने बताया कि उनके पास सिर्फ ₹70 रूपए हैं और वे ड्यूटी पर जा रहे हैं, लेकिन उनमें से एक ने बेल्ट घुमाते हुए धमकाया—

"पैसा देते हो कि नहीं...?" घबराकर चौरसिया ने ₹70 उन्हें सौंप दिए, लेकिन इसके बाद भी वे गाली-गलौज और डराने की कोशिश करते रहे। पीछे से बाइक खींचकर गिराया, पैर में मोच नकाबपोश थोड़ा हटे तो चौरसिया बाइक स्टार्ट कर निकलने लगे, तभी किसी ने पीछे से बाइक जोर से खींच दी। वे सड़क पर गिर पड़े। गिरने से उनके पैर में तेज मोच आ गई। इसी दौरान तीनों नकाबपोश अंधेरे में गायब हो गए। किसी तरह वे घायल अवस्था में राजेंद्रा माइंस पहुंचे और खान प्रबंधक को तुरंत पूरी घटना बताई।

### 112 पर कॉल किया, पर मदद नहीं पहुंची

चौरसिया ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने 112 नंबर पर कॉल किया, लेकिन पुलिस वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। इस लापरवाही ने कर्मचारियों में रोष पैदा कर दिया है।उसी रात दो और घटनाएं — सिक्योरिटी गार्ड पर हमला, फोर व्हीलर का कांच टूटा

### बाद में सुबह जानकारी मिली कि उसी रातः

सिक्योरिटी गार्ड धीर साय पर भी अज्ञात व्यक्तियों ने हमला किया,और बायपास मार्ग से गुजर रही एक फोर व्हीलर का कांच भी तोड़ दिया गया। तीन वारदातों के बाद स्पष्ट है कि यह गिरोह रात में सक्रिय है और मौका पाकर लोगों को निशाना बना रहा है।

### "30 साल की नौकरी में पहली बार ऐसा डर लगा" — चौरसिया

घटना से सदमे में आए चौरसिया ने कहा— "30 साल की नौकरी में पहली बार ऐसा हुआ... अब सोच रहा हूं नाइट शिफ्ट कैसे करूंगा।"

### कड़ाके की ठंड में सुनसान सड़कें, सक्रिय हो रहे नकाबपोश

ठंड बढ़ने से रात में सड़कें बिल्कुल सुनसान हो जाती हैं। इस स्थिति का फायदा उठाकर बदमाश बायपास रोड पर लगातार वारदातें कर रहे हैं। राजेंद्रा रोड, तालाब तिराहा और बायपास क्षेत्र अब लोगों के लिए खौफ का इलाका बनता जा रहा है।

### कर्मचारियों की मांग — नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए

लगातार घटनाओं के बाद खान क्षेत्र के कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की हैःबायपास रोड पर रात में गश्त बढ़ाई जाए।नाइट शिफ्ट वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था की जाए। अज्ञात नकाबपोश गिरोह को पकड़ा जाए।

# धनपुरी के वीर युवा शिव पासी का भव्य स्वागत, नगर में उमड़ा जनसैलाब



### अग्नि वीर (AOC) के रूप में चयन, जम्मू–कश्मीर में होगी सेवा ऐसे अग्निवीर सपूत पर नगर नहीं जिला भी गौरववित है

**धनपुरी।** नगर के युवा शिव पासी पुत्र रमेश पासी एवं पौत्र रामखेलावन पासी भारतीय सेना के अग्नि वीर (AOC) के रूप में चयनित होकर जम्मू–कश्मीर में पदस्थ हुए हैं। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गौरव और उत्साह की लहर दौड़ गई है।

### रेलवे स्टेशन से शुरू हुआ सम्मान का सिलसिला

शुक्रवार, 5 दिसंबर की सुबह 10 बजे जैसे ही शिव पासी बुढ़ार रेलवे स्टेशन पहुंचे, स्वागत के लिए जुटी भारी भीड़ ने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। Moपरिजन, इष्टमित्र, साथी युवक और नगरवासी बैंड-बाजे के साथ स्टेशन पर पहुंचे थे। स्टेशन से फोरव्हीलर वाहन के काफिले के साथ उनका भव्य जुलूस धनपुरी की जन्मभूमि आज़ाद चौक की ओर रवाना हुआ।

### आज़ाद चौक में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

आज़ाद चौक पहुंचते ही नगर के गणमान्य नागरिकों, भाजपा व कांग्रेस नेताओं ने शिव पासी का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। शिव पासी ने अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सैल्यूट किया।

कांग्रेस नेताओं ने "भारत माता की जय" के नारे लगाए और नगर के इस वीर सपूत को माला पहनाकर सम्मानित किया।

### परिजनों को भी मिला सम्मान

शिव पासी के पिता रमेश पासी का भी लोगों ने सम्मान किया और कहा कि ऐसा वीर सपूत पाकर वे गर्व के अधिकारी हैं। लोगों ने परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि शिव जैसे युवाओं पर पूरे क्षेत्र को अभिमान है।

**निज निवास पर भी हुआ गर्मजोशी से स्वागत**

जुलूस आज़ाद चौक से होते हुए विलियम्स नंबर 1, वार्ड नंबर 5 स्थित उनके निवास पहुंचा।

यहां वार्ड पार्षद सुकृति एस.पी. सिंह, माता–पिता, परिजन और मोहल्लेवासियों ने फूल-मालाओं के साथ अग्नि वीर शिव पासी का स्वागत किया।



### क्षेत्र में बधाइयों की उमड़ पड़ी भीड़

शिव पासी के सेना में चयन की खबर फैलते ही पूरे विलियम्स नंबर 1, वार्ड 05 में बधाइयों का तांता लग गया। उनकी सफलता को उनकी मेहनत, अनुशासन, लगन और देशसेवा के जज़्बे का परिणाम माना जा रहा है।

### युवा ले रहे प्रेरणा

अग्नि वीर शिव पासी की उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कई युवाओं ने सैन्य सेवा को लक्ष्य बनाते हुए तैयारी शुरू करने की बात कही है।

### धनपुरी नगर का नाम रोशन

धनपुरी नगरवासियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में एकत्र लोगों ने शिव पासी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उन्होंने धनपुरी नगर एवं जिला शहडोल का नाम रोशन किया है। नगरवासियों ने आशा व्यक्त की कि शिव पासी आगे भी देश सेवा में उत्कृष्ट योगदान देकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे।

स्वागत करने वाले में माजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के नेताओं में मुख्य रूप से —रमाशंकर शुक्ला, राम सिंह, मोहम्मद आज़ाद, एस.पी. सिंह, राजू अग्रवाल, लक्ष्मण सोनी, विनय सिन्हा, जवाहर जसवानी, मुकुल श्रीवास्तव, अनिल जायसवाल, संजू चांदवानी, विनोद गुप्ता विराज खान दादू स्टूडियो चंद प्रकाश गुप्ता अजय खटीक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इ न सभी ने फूल-मालाएं पहनाकर और जयघोष के साथ शिव पासी का भव्य स्वागत किया।

# करोड़ों खर्च होने के बाद भी पानी नसीब नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी क्षेत्र के हर गांव में जल जीवन मिशन के कार्य अधूरे पड़े है। विधायक की समीक्षा बैठक, कलेक्टर की जन सुनवाई में अनेक बार शिकायत होने के बाद भी सिलौंडी, कछार गांव, नेगाई लालपुर में बहुप्रतीक्षित नल-जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। हर घर में नल के माध्यम से सभी वर्ग के लोगों को साफ स्वच्छ जल देने की योजना में जिम्मेदार लीपापोती कर रहे है। ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल की सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी परियोजना पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो पाइपलाइन का कार्य सही ढंग से हुआ है, न ही जल स्रोत से जुड़ा टंकी निर्माण कार्य मानकों के



अनुसार संपन्न हुआ है।

जानकारी के अनुसार सिलौंडी में 2 करोड़ 30 लाख से नेगाई, कछार गांव बड़ा, लालपुर ग्राम पंचायत में नल-जल योजना के तहत लाखों रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। इसका उद्देश्य था कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे ताकि गांव की महिलाओं को अब दूर-दराज़ से पानी लाने की मशक्कत न करनी पड़े लेकिन योजना के आरंभ होने के कई महीने बीत जाने के बाद भी इसका लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच सका। पाइपलाइन कई स्थानों पर उखड़ी हुई पड़ी है, कुछ जगह पाइपों को आधा अधूरा गाड़ा गया है। पानी की सप्लाई शुरू करने की बात तो दूर, जल स्रोत से गांव तक का कनेक्शन ही सही तरह से नहीं जोड़ा गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में लापरवाही बरती गई। गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया और कई स्थानों पर तो पाइपों को जोड़ने में मानक प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया गया। ग्रामवासियों का कहना है कि इंजीनियर ने सही रूप से निरीक्षण नहीं किया जब ग्रामीणों ने उनसे शिकायत की तो उन्होंने सिर्फ आश्वासन दिया लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यदि इंजीनियर

# भागवत कथा स्थल जाने एवं श्रवण से सारे तीर्थों का मिलता है पुण्य फल

## शोभायात्रा के साथ सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जहां भागवत कथा होती है वहां समस्त तीर्थों का, समस्त नदियों का ,समस्त पवित्र क्षेत्रों का आगमन होता है। भागवत कथा में जाने से सारे तीर्थों का स्नान करने का पुण्य प्राप्त हो जाता है। उक्त विचार पंडित दिलीप पौराणिक ने उत्तमपुर टिकुरी स्थित हरिदास महाराज मंदिर में शुरू हुए सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस बुधवार को व्यक्त किये। निकली भव्य कलश शोभायात्रा-श्रीमद भागवत महापुराण एवं ध्वजारोहण महोत्सव का आयोजन भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ।

कलश शोभायात्रा गाँव भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुँची। शोभायात्रा मै कन्याएं व महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर



श्रीराम -कृष्ण की धुन शोभायात्रा मै गूंज रही थी! वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आगाज हुआ।आयोजक समिति ने बताया कि 9 दिसंबर संगीतमय महापुराण चलेगा व 9 दिसंबर को ही ध्वजारोहण महोत्सव होगा।

कथा के पहले दिवस कथा वाचक पंडित दिलीप पौराणिक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण अवसर मनुष्य को बड़े पुण्य से प्राप्त होता है एवं इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति की सभी जरूरतें परमात्मा पूर्ण करते हैं। जैसे कल्पवृक्ष के नीचे जाने से सारी कल्पनाएं हकीकत में बदल जाती है वैसे ही श्रीमद्भागवत का श्रवण कलयुग में साक्षात कल्पवृक्ष है जो हमारी सभी इच्छाओं को पूर्ण करता है। जब जीवन में करोड़ों जन्मों का पुण्य उदय होता है तब भागवत कथा में जाने का अवसर प्राप्त होता है। भागवत सप्ताह से हमारा चिंतन, हमारा मनन, हमारी सोच, हमारी मन स्थितियां बदलती है।भक्त निरंतर भक्ति करते हुए भगवान के भरोसे हो जाए तो संकट में भगवान ही उसकी रक्षा करते हैं।

हमेशा भगवान के चरणों से जुडक़र रहो, संकट के समय यह पक्का आधार अवश्य काम आएगा। जिस तरह भक्तिमयी मीरा ठाकुरजी को आधार मानकर विष का प्याला पी गई थी तो भक्ति के आधार ने ही उसकी रक्षा की थी। जिस दिन प्रभू से मिलना होगा, उस दिन सहज मुक्ति मिल जाएगी। सांसारिक जीवन में एक ओर दुःख-संताप का सागर दिखाई देता हैं तो दूसरी ओर अधिक धन-सम्पत्ति पाने की लालसा जो संत के संताप अपनी ओर खींचे, वह सच्चा गुरू है।

## प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिपं सीईओ ने सफलता के दिए टिप्स

# 'मां की बगिया' से दीदियां लिखेंगी आर्थिक समृद्धि की इबारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

₹एक बगिया मां के नाम₹ के अंतर्गत किए गए पौधारोपण से आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों की दीदियां जिन्हें हितग्राही के रूप में चिन्हित किया गया है वे भविष्य में आर्थिक समृद्धि की इबारत लिखेंगी। कुछ इस आशय के विचार जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने आजीविका मिशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला शाला में समस्त विकास खंडों से उपस्थित स्वसहायता समूह के सदस्यों से रूबरू होते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण के विभिन्न चरणों को भली भांति समझे और कार्यस्थल पर जाकर फलीभूत करें। धन राशि के एक-एक पैसे का सदुपयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना आपको आत्मनिर्भर बनाने एवं



स्वावलंबन की दिशा में माइल स्टोन साबित होगी। इसकी सफलता हेतु उन्होंने टिप्स दिए। इस दौरान उन्होंने सहायता समूह की महिलाओं अनुभव साझा करने को कहा। रमा ठाकुर ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। आर्थिक सहायता एवं जिला प्रशासन से जो भी मदद संभव होगी तत्परता पूर्वक दी जाएगी। अवगत होवे कि जिला पंचायत के सभाकक्ष में ₹एक बगिया मां के नाम₹ के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को पौधारोपण करने एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दृष्टि से हितग्राहियों के उन्मुखीकरण हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में समस्त विकास खंडों से 30-30 हितग्राहियों को प्रशिक्षण हेतु आहूत किया गया था।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर प्रशिक्षण के उद्देश्य को आत्मसात करते हुए पौधों के बेहतर रखरखाव,देखभाल करने को कहा। राज्य आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक शबाना बेगम ने मां की बगिया के अंतर्गत पौधारोपण के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रति 25 एकड़ पर एक एक कृषि सखी की तैनाती की जाएगी। उद्यानिकी विभाग से शिवकुमारी पांडे एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अजीत सिंह परिहार द्वारा पौधारोपण के विभिन्न चरणों, विधियों, देखभाल,सुरक्षा के तरीकों, निर्देशों और नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई।

### परियोजना की खासियत

इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस कार्य पर व्यय होने वाली समस्त राशि हितग्राही के खाते में आएगी।

# ट्रेनों के स्टापेज की मांग शीघ पूरी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

लंबे समय से क्षेत्रीय जनमानस के द्वारा स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज की मांग, आरक्षण केंद्र खोले जाने जैसे विभिन्न जन सुविधा की मांग क्षेत्रीय विधायक और सांसद से लगातार की जा रही थी। गत दिनों स्लीमनाबाद आगमन के दौरान सांसद वी डी शर्मा से इस संबंध में ग्रामीण जनों ने पुरजोर मांग रखी थी जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया था कि आपकी इन मांगों को पूरा किया जाएगा। खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कटनी जिले के स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज हेतु मांग पत्र रेल मंत्री को दिया जिसमें उन्होंने स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन, जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस ट्रेन, जबलपुर अंबिकापुर इंटरसिटी व जबलपुर सिंगरौली इंटरसिटी ट्रेन को स्लीमनाबाद में रोके जाने हेतु केंद्रीय रेल मंत्री को मांग पत्र सौपा।

गौरतलब है कि क्षेत्रीय विधायक प्रणय पांडे के द्वारा सांसद से बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के रीठी और स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज आरक्षण केंद्र खोले जाने हेतु मांग पत्र सौपा। सांसद के मांग पत्र पर रेलमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मांगो को पूर्ण किया जायेगा।विधायक और सांसद की इस पहल पर मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, गोलू तिवारी, रवि दुबे,चंद्रशेखर अग्रहरि,रतन गुप्ता, सहित आम जनमानस में हर्ष का माहौल है।

## खबर संक्षेप

### मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक में निर्वाणाष्टकम स्तोत्र का पाठ प्रारंभ

**अमरकंटक।** आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व की पावन नगरी अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में 4 से 10 दिसंबर तक सप्त दिवसीय "चिदानंद रूपः शिवोऽहम् शिवोऽहम" से अलंकृत आदि गुरु शंकराचार्य विरचित निर्वाणाष्टकम स्तोत्र का पावन पाठ प्रारंभ हुआ है। यह पाठ व्यासपीठाधीश आचार्य ब्रह्मऋषि पूज्यपाद श्री किरीट भाई जी के श्रीमुख से संपन्न हो रहा है। गुरुवार, 4 दिसंबर की प्रातः 9 बजे मृत्युंजय आश्रम से गरिमामय, धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो भजन-कीर्तन करते हुए पतित पावनी माँ नर्मदा के उद्गम स्थल तक पहुँची। उद्गम कुंड एवं मंदिर परिसर में पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया गया। इसके पश्चात आश्रम में निर्वाणाष्टकम स्तोत्र पाठ का शुभारंभ हुआ, जो सात दिनों तक अनवरत रूप से जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि यह सप्त दिवसीय निर्वाणाष्टकम स्तोत्र पाठ राजस्थान प्रांत के जयपुर निवासी खेडवाल जोशी परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में जोशी परिवार के शुभचिंतक, भक्तगण एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की आध्यात्मिक गरिमा में वृद्धि कर रहे हैं।

### संकल्प महाविद्यालय एवं एचडीएफसी बैंक ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**अनूपपुर।** संकल्प महाविद्यालय द्वारा 5 दिसंबर को महाविद्यालय में एचडीएफसी बैंक के साथ सयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान शिविर मे बतौर मुख्य अतिथ्य सीएमएचओ डॉ अलका तिवारी जी के साथ -साथ एचडीएफसी के शाखा प्रबंध मिथिलेश भारती की उपस्थिति रही। शिविर में बड़ी संख्या में छात्रों और स्टाफ़ सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधन और डॉ निलेश द्विवेदी, लैब टेक्नीशियन भाईलाल पटेल एवं अन्य स्टॉफ की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ. अल्का तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक जीवनरक्षक कदम है, जो किसी अनजान व्यक्ति को नई जिंदगी देने की क्षमता रखता है। उन्होंने सुरक्षित रक्तदान की प्रक्रिया और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही कॉलेज प्रबंधक ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है। रक्तदान जैसे कार्यों में भाग लेकर विद्यार्थी न केवल दूसरों की मदद करते हैं, बल्कि अपने भीतर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। प्रबंधक ने विद्यार्थियों को नियमित स्वास्थ्य जाँच, सुरक्षित रक्तदान और समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रहने के सुझाव दिए। मेडिकल टीम ने सभी दाताओं की स्वास्थ्य जाँच कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रहित किया। आयोजनकर्ताओं के अनुसार, रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में जागरूकता फैलाना और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत समर्थन प्रदान करना था। विद्यार्थियों के साथ ही बैंक स्टॉफ द्वारा रक्तदान किया गया।इस शिविर के आयोजन के पीछे के उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करने, लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करने, और समाज में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। शिविर को सफल बनाने में डॉ निलेश द्विवेदी, भाईलाल पटेलएवं अन्य जिला चिकित्सालय के स्टॉफ के साथ महाविद्यालय स्टॉफ ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही महाविद्यालय संचालक द्वारा सभी अतिथियों को महाविद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### अग्निवीर जवान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**अनूपपुर।** जिले के फुनगा अंतर्गत बम्हनी गांव के किसान परिवार के बेटे का भारतीय सेना में चयन हुआ, तो ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा. देश सेवा की जज्बा लिए एक लौता बेटा अग्निवीर में शामिल होकर जिले के लोगों को गौरवान्वित किया है।

## बाजार में 5 और 10 के सिक्के दिखना दुर्लभ, जमाखोरी की आशंका

# बाजार से गायब होती जा रही सिक्कों की 'खनखनाहट'

**परेशान हो रही जनता और व्यापारी, बैंक भी नहीं दे रहे चिल्लर**

**व्यापार की गति और जनता का भरोसा दोनों हो रहे प्रभावित**

एक समय था जब जेब में सिक्कों की खनखनाहट अमीरी का अहसास करवाती थी, लेकिन अब बाजारों में सिक्कों की खनखनाहट गायब होती नजर आ रही है। अनूपपुर मे तो सिक्के दिखना दुर्लभ हो गया है। सिक्कों की जगह अब कड़कड़ाते नोटों ने ले ली है। रियासत काल से ही सोने, चांदी, तांबे सहित विभिन्न धातुओं से बने सिक्कों का प्रचलन रहा है, लेकिन अब सिक्के बाजार से गायब से हो चुके हैं। अब तो मेरे नाम का सिक्का चलेगा वाली कहावत भी बीते दिनों की बात हो चुकी है।



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

शहर में इन दिनों चिल्लर की भारी समस्या देखने को मिल रही है। विशेषकर 5 और 10 के सिक्के बाजार से लगभग गायब हो गए हैं जिससे दुकानदारों और ग्राहकों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि यदि कोई ग्राहक 10 की बिस्किट भी खरीदना चाहता है और 100 का नोट देता है तो दुकानदार उसे खुल्ले न होने के कारण सामान देने में असमर्थ हो जाता है। कई दुकानदारों ने बताया कि खुल्ले के अभाव में रोजाना ग्राहकों से बहस की स्थिति निर्मित हो जाती है। जब इस मुद्दे पर दुकानदारों से चर्चा की गई कि वे बैंक से चिल्लर क्यों नहीं लेते तो दुकानदारों का कहना था जब भी बैंक जाते हैं तो बैंक कर्मचारी साफ कह देते हैं कि अभी चिल्लर उपलब्ध नहीं है। ऐसे में चिल्लर आखिर मिलेगी कहां से दुकानदारों का कहना है कि बैंक ही चिल्लर का मुख्य स्त्रोत है। यदि बैंक ही चिल्लर देना बंद कर दें तो बाजार में लेनदेन कैसे सुचारू रूप से चलेगा दुकानदारों ने यह भी कहा कि हम रिटेलर दिनभर दुकानदारी करते हैं और अगले दिन वही पैसा बैंक में जमा करते हैं। यदि बैंक ही चिल्लर सप्लाई नहीं करेगा तो हमारी दुकानदारी कैसे चलेगी। स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों ने बैंकों से इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है ताकि बाजार में छोटे लेनदेन सामान्य हो सकें और दुकानदार-ग्राहक दोनों राहत पा सकें।

### व्यापार की गति और भरोसा दोनों प्रभावित

सूत्र बताते हैं कि आरबीआई द्वारा करेंसी चेस्ट में भेजे गए सिक्के भी जनता तक नहीं पहुंच पा रहे। इस संकट के पीछे कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर सिक्कों की जमाखोरी की आशंका जताई जा रही है, जिससे छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही दूसरी ओर व्यापारियों का आरोप है कि बैंक द्वारा ही चिल्लर देने मे आनाकानी करने के कारण बाजार मे सिक्कों की भारी कमी हो गई है। जिस कारण छोटे लेन-देन प्रभावित हो रहे हैं। चाय विक्रेता से लेकर ऑटो चालक तक, सभी को खुले पैसे की जरूरत होती है, लेकिन सिक्के न मिलने के कारण लेन-देन में असहजता बढ़ रही है। जिससे नकदी का कृत्रिम संकट बन रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह स्थिति बनी रही, तो व्यापार की गति और जनता का भरोसा दोनों प्रभावित होंगे।

### इनका कहना

#### लेनदेन होता है प्रभावित-



जिला मुख्यालय के शंकर मंदिर चौक के पास पुरान केनरा बैंक के सामने संचालित दिलीप डेलीनीड्स के संचालक संजीव शुक्ला का कहना है कि हम भले ही वॉलेट से ऑनलाइन पेमेंट लेते हैं, लेकिन कई बार चिल्लर की भी जरूरत पड़ती है। हम रोजाना छोटे नोट और सिक्कों के लिए परेशान हो रहे हैं। ग्राहक कहते हैं खुल्ला नहीं तो सामान नहीं लेंगे। इससे हमारी बिक्री भी प्रभावित हो रही है। बाजार मे 5 और 10 के सिक्के तो जैसे गायब हो गए हैं। ज्यादातर मैं देख रहा हूं कि लोग बड़े नोट अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। दुकान में देने पर चिल्लर में समस्या आती है। मोबाइल से ज्यादा पेमेंट करने पर बैंक को अतिरिक्त चार्ज देना पड़ता है, सब जगह संकट है।

**संजीव शुक्ला**

#### त्वरित हल निकालने की जरूरत-



समाजसेवी प्रवीण चौरसिया का कहना है कि अक्सर हम देखते हैं कि ऑटो वालों के सामने नोट को लेकर दिक्कत आती है। स्टेशन में कई बार विवाद भी होता है। यात्रा में चिल्लर रखना जरूरी होता है। हर जगह इंटरनेट या मोबाइल सर्वर सही मिले यह जरूरी नहीं, कई बार समस्या पैदा हो जाती है। आरबीआई से सिक्कों की आपूर्ति के बावजूद कुछ बैंक शाखाएं सिक्कों का वितरण धीमा कर रही हैं। वहीं बाजार में कुछ लोग जमाखोरी कर रहे हैं। छोटे व्यापारियों और आम लोगों को प्राथमिकता के साथ सिक्के उपलब्ध कराए जाएं। अगर किसी तरह की जमाखोरी की पुष्टि होती है, हम पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे। शासन प्रशासन को चिल्लर की बढ़ती समस्या पर तुरंत संज्ञान लेकर इस पर त्वरित हल निकालना चाहिये।


**प्रवीण चौरसिया**

## जिले में 8 हजार मतदाताओं की मैपिंग बाकी

# निर्वचन आयोग जारी करेगा नोटिस

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो गया है, लेकिन इसी प्रक्रिया के दौरान जिले के करीब 8000 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है। निर्वाचन आयोग इन मतदाताओं को 16 दिसंबर के बाद नोटिस भेजेगा, जिसमें उनसे निर्धारित दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करने को कहा जाएगा।

**डिजिटाइजेशन की समय सीमा बढ़ाई गई**



**16 दिसंबर के बाद भेजेगे नोटिस-** निर्वाचन आयोग ने गणना पत्रक डिजिटाइजेशन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दी थी। इसके बाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पुनरीक्षण का काम तेजी से किया गया। पुष्पराजगढ़ और कोतमा विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि समाचार लिखे जाने तक अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 500 मतदाताओं का कार्य अभी बाकी है जिसे देर शाम तक पूरा कर लेने की उम्मीद है। जिन 8000 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है, उन्हें आयोग नोटिस भेजकर अपनी पहचान साबित करने के लिए दस्तावेज जमा कराने को कहेगा। मतदाता इनमें से किसी एक मान्य दस्तावेज के आधार पर अपनी जानकारी सत्यापित कर सकेंगे।

**ये दस्तावेज होंगे मान्य-** निर्वाचन आयोग ने 12 दस्तावेजों को स्वीकार्य माना है, जिनमें सरकारी पहचान पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, वन अधिकार प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, पारिवारिक रजिस्टर और भूमि/मकान आवंटन प्रमाण-पत्र शामिल हैं। आधार से संबंधित प्रक्रिया आयोग के 9 सितंबर 2025 के निर्देशों के अनुसार लागू होगी। दस्तावेजों की जांच और सत्यापन के बाद मतदाताओं की जानकारी को अंतिम रूप दिया जाएगा। जिला प्रशासन का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए टीम लगातार काम कर रही है।

## कब सुधरेगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था, खुद बीमार स्वास्थ्य केन्द्र

# शराब खोरी का अड्डा बना स्वास्थ्य केन्द्र, भगवान भरोसे मरीज

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

क्षेत्र की जीवन दायिनी कहलाए जाने वाली कोतमा नगर मे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था कब सुधरेगी अब यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। कहने को तो क्षेत्र के लोगों के लिए इलाज के लिए एकमात्र सहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में है लेकिन वह भी बीमारी की हालत में है। शासन के द्वारा आलीशान भवन तो बनवा दिया गया लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार नहीं होने तथा डॉक्टरों की कमी के कारण आज भी लोगों को इलाज के लिए दूसरे बड़े शहरों का रुख करना पड़ रहा है।



### उधार से चलाया जा रहा काम

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में नियमित रूप से मात्र तीन चिकित्सक ही पदस्थ हैं। और उसके बाद तीन बांड के डॉक्टर और उसके बाद आसपास के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मैं पदस्थ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाते हुए उधर के भरोसे व्यवस्था चलाई जा रही है जिसके कारण छोटी-मोटी बीमारियों एवं डिलीवरी के केसों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जाता है।

### नही बन रहा आयुष्मान कार्ड

शासन की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड जिसमें 5 लाख तक की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए गरीबों को राहत मिल जाती है। जिसके लिए शासन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान योजना के तहत कार्ड बनाए जाने के लिए एक ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन लगभग दो माह से शासन की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया जा रहा है। दो माह से सी पी ओ सिस्टम खराब होना बताया जा रहा है। बताया जाता है कि एम डी इंडिया प्राइवेट कंपनी भोपाल को जिले मे आयुष्मान कार्ड बनाने का ठेका दिया गया है और जिले में बैठे कंपनी के कोऑर्डिनेटर एवं कोतमा में बना रहे आयुष्मान कार्ड के ऑपरेटर के द्वारा सी पी ओ खराब होने की जानकारी भोपाल में कंपनी को भेजी गई है और उनके द्वारा यह कहा जाता है कि बस दूसरा सीपीओ भेज रहे हैं 2 माह से सिस्टम खराब होने की वजह से गरीबों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि चार दिन पूर्व जिला पंचायत सीईओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा पहुंचते हुए निरीक्षण भी किया था क्या उन्हें इस बात की जानकारी नहीं दी गई।



### दीवार पर उगे पौधे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था में सुधार नहीं होने से नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने भवन की दीवारों पर पेड पौधे एवं झाड़ियां उगी हुई है जिसकी स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है वह दिन दूर नहीं जब धीरे-धीरे भवन जर्जर होने की स्थिति में पहुंच जाएगा। क्या जिला पंचायत सीईओ की नजर इस पर नहीं गई या वह भी खाना पूर्ति कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर चली गई।

### शराब खोरी का अड्डा बना स्वास्थ्य केन्द्र

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जगह-जगह शराब की खाली बोतल एवं काच के टुकड़ों के साथ ही डिस्पोजल एवं नमकीन चिप्स के पैकेट बिखरे पड़े हैं इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अस्पताल परिसर धीरे-धीरे शराब खोरी का अड्डा बनते जा रहा है। जिले में तो जिला स्वास्थ्य अधिकारी बदल दिए गए लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं आ रहा है।

# त्रैमासिक व अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणामों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी शासकीय विद्यालयों के त्रैमासिक तथा अर्धवार्षिक परीक्षाओं में विद्यार्थियों के प्रदर्शन का समीक्षा कर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, उन विद्यालय के विद्यार्थियों के वर्तमान समय से ही परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार कर उसका पालन सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पिछले वर्ष शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासों से ही सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए थे उसी प्रकार इस वर्ष भी अधिक मेहनत कर परिणाम में सुधार सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि त्रैमासिक तथा अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में जिन विद्यालय के डी, ई, ई1, ई2 श्रेणी में आने वाले विद्यार्थी की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक है उन विद्यालयों में जिला स्तरीय अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाए तथा जिन विद्यालयों में डी, ई, ई1, ई2 श्रेणी में आने वाले विद्यार्थियों की संख्या 50 प्रतिशत से कम है उन विद्यालयों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि विद्यालयों की शिक्षण गतिविधियां की मॉनिटरिंग कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह वर्ष के अंत तक बेहतर परिणाम दे सके। विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में सुधार हेतु नियमित रूप से रिमेडियल क्लासेस सभी विद्यालयों में लगाई जाए तथा सभी विद्यालयों के रिमेडियल क्लास का कैलेंडर (टाइम टेबल) समान रूप से जारी कर नियमित रूप से जिला स्तर से रिमेडियल क्लास की मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रिमेडियल क्लासेस में मुख्य रूप से गणित, अंग्रेजी, विज्ञान विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालयों में मॉक पेपर नियमित रूप से प्रैक्टिस कराया जाए। जिन विद्यालयों का गत वर्ष परीक्षा परिणाम कम था उन विद्यालयों को विशेष मेहनत करने की आवश्यकता है ताकि इस वर्ष परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत हो सके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो, डीपीसी सर्व शिक्षा अभियान आशुतोष कुशवाहा सहित जिले के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं संकुल प्राचार्य तथा विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।



**1 जनपद सदस्य व 16 पंचों के लिए होगा उप निर्वाचन-** अनूपपुर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) के लिये निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जिसके अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जायेंगे।

**क्षेत्रीय कार्यालय**
**मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,**
बाई पास चौक, गोरतरा, बुढार रोड जिला शहडोल 484001 (म.प्र.)
Tel/Fax 07652-286229 Email:ropcbshahdol@gmail.com

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित दिनांक 01.12.2009 एवं विभागीय परिपत्र दिनांक 12.12.2018 के प्रावधानों के अनुसार सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित 2x800 मेगावाट कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर किटकल थर्मल पावर प्लांट (न्यूजोन इंडिया प्रा.लि.) द्वारा मेसर्स Torrent Power Limited, ग्राम रक्सा, कोलमी और देखल, तहसील एवं जिला अनूपपुर (म.प्र.) में प्रस्तावित थर्मल पावर प्लांट की लोक सुनवाई आयोजित की जा रही है। किटिकल थर्मल पावर प्लांट प्रबंधन द्वारा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में मुख्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के समक्ष लोक सुनवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए. रिपोर्ट) एवं कार्यपालक सारांश हिन्दी एवं अंग्रेजी में जन सामान्य के अवलोकनार्थ कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर, जिला पंचायत कार्यालय अनूपपुर, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र अनूपपुर, संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय अनूपपुर एवं जैतहरी, जिला अनूपपुर, कार्यालय ग्राम पंचायत रक्सा, कोलमी और देखल, जिला अनूपपुर (म.प्र.) एवं क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल तथा क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन, ई-5, अरेरा कालोनी, रविशंकर नगर, भोपाल में उपलब्ध है तथा म.प्र. प्रदूषण नियत्रण बोर्ड, भोपाल की अधिकृत वेबसाईट पर अवलोकित किये जा सकते है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त प्रस्तावित थर्मल पावर प्लांट के संबंध मे पर्यावरण प्रभाव एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधित सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति, मत, अभिमत प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल के गोरतरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त प्रस्तावित थर्मल पावर प्लांट की लोक सुनवाई तिथि / दिनांक 07.01.2026 दिन- बुधवार, समय- पूर्वान्ह 11:30 बजे से अपरान्ह 2:30 बजे तक, स्थान- ग्राम कीडांगन (खेल मैदान), ग्राम रक्सा, तहसील अनूपपुर जनपद पंचायत जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र) मे निर्धारित की गयी हैं, जिसमें इच्छुक व्यक्ति / नागरिकगण सम्मिलित होकर प्रस्तावित थर्मल पावर प्लांट प्रोजेक्ट के संबंध मे अपने मत / सुझाव / विचार / टीका टिप्पणी एवं आपत्ति लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

"सिंगल यूज प्लास्टिक को सब करो अब बंद, इससे हो रहा जल / वायु और मृदा प्रदूषण प्रचंड"

(डॉ अशोक तिवारी)
प्रभारी क्षेत्रीय अधिकारी

# आमाडांड खुली खदान को मिला सर्वश्रेष्ठ माईन का पुरस्कार रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धि, रचा नया कीर्तिमान

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के जमुना - कोतमा क्षेत्र की आमाडांड खुली खदान परियोजना ने कोयला उत्पादन के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करते हुए बिलासपुर में आयोजित एसईसीएल 41वे फाउंडेशन डे के समारोह में 'सर्वश्रेष्ठ खदान' का प्रतिष्ठित खिताब जीता है। एसईसीएल के सीएमडी कंपनी के द्वारा आमाडांड खुली खदान परियोजना के लिए 4 मिलियन टन का चुनौतीपूर्ण उत्पादन लक्ष्य निर्धारित किया गया था। 25 नवंबर तक आमाडांड खदान ने इस लक्ष्य को 114 प्रतिशत से अधिक हासिल किया। यह प्रदर्शन न केवल निर्धारित लक्ष्य से ऊपर रहा, बल्कि पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 165 प्रतिशत अधिक रहा, जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। इसी उत्कृष्ट उपलब्धि के कारण खदान को यह गौरवशाली पुरस्कार दिया गया।

**कुशल मार्गदर्शन और सहयोग की जीत-** आमाडांड खुली खदान परियोजना के इस ऐतिहासिक कोयला उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने में जमुना - कोतमा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी के निर्देश एंव अजय कुमार महाप्रबंधक (संचालन) के कुशल मार्गदर्शन और महेंद्र पाल सिंह उप क्षेत्रीय प्रबंधक आमाडांड खुली खान परियोजना के विशेष सहयोग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनके कुशल मार्गदर्शन और टीम की कड़ी मेहनत से ही यह रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन संभव हो पाया। आमाडांड खुली खान परियोजना को यह सम्मान मिलने से जमुना कोतमा क्षेत्र के सभी कर्मचारियों, श्रम संगठनों, ठेकेदारी मजदूरों और नीलकंठ कंपनी के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों में गहरी खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई है। सभी ने इस उपलब्धि को सभी के सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम बताया है। आगे भी आमाडांड खुली खान परियोजना कोयला उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु तैयार रहेगी।